Regarding problems of farmers

श्री हेमन्त पाटिल **(हिंगोली):** महोदय, मैं महाराष्ट्र के हिंगोली क्षेत्र से आता हूं । इस हिंगोली क्षेत्र में सोयाबीन, कपास और तूर की बड़ी लागत है तथा लगभग 4 लाख 61 हजार किसानों ने पीक बीमा के लिए ऑनलाइन नोंदणी की थी । सोयाबीन पीक के लिए 3 लाख 21 हजार, कपास के लिए 65 हजार और तूर पीक के लिए 75 हजार किसानों ने ऑनलाइन नोंदणी की हुई है । हिंगोली जिले के पीक बीमा के लिए एचएफएफसी, ईआरजीओ कंपनियों ने अग्रिम रकम देने के विषय में? (व्यवधान) सर, एक मिनट दीजिए । यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है और 4 लाख 61 हजार किसानों का यह विषय है । उनकी जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय जो अपील है, उसे खारिज किया गया है । उन्होंने दिल्ली में जो अपील की है तो कंपनी की तरफ से? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री कौशलेन्द्र कुमार ।

श्री हेमन्त पाटिल जी, आप कनक्लूड कीजिए ।

श्री हेमन्त पाटिल **:** सर, मेरी आपके माध्यम से विनती है कि 4 लाख 61 हजार किसानों की जो अपील है, उनकी अपील मान्य की जाए, कृषि मंत्री जी को बोला जाए और हिंगोली के किसानों को न्याय दिया जाए । धन्यवाद ।